**न्यायालय सिविल जज, सीनियर डिवीजन, बिजनौर।**

मूलवाद सं0–801/2022

सुरेश सिंह **बनाम** धर्मवती आदि

दिनांक 07.11.2023

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर कोई उपस्थित नहीं है। पत्रावली आज वास्ते ग–21/ग–6, डब्लू0एस0 तनकीह हेतु नियत है। पत्रावली लंच बाद पुनः पेश हो।

**<u>लंच बाद</u>**

पत्रावली लंच बाद पुनः पेश हुई। बार–बार पुकार करायी गयी। पुकार पर कोई उपस्थित नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि उभयपक्ष विगत कई तिथियो से लगातार अनुपस्थित है। वादी की ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र नियत समय तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वादी अपना वाद चलाने में कोई रूचि नहीं ले रहा है। दावा वादी, वादी की अनुपस्थिति में आदेश 9 नियम 3 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार अभिलेखागार पारेषित की जावे।

(पप्पू कुमार सिंह)
सिविल जज, सीनियर डिवीजन,
बिजनौर